# संचय
# SANCHAYA

रा ब सं
जनसेवा में 50 वर्षों से अधिक
**NSI**
*Over 50 Years in Service of People*

मासिक प्रकाशन | Monthly Publication

ऑगस्ट, 2011 (अंक 211) | August, 2011 (Issue 211)




श्री एस. एल. कुरील, क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान, लखनऊ एक खिड़की योजना के अंतर्गत राज्य स्तरीय समन्वय समिति की बैठक मे वार्तालाप करते हुये दिखाई दे रहे है ।

## राष्ट्रीय बचत संस्थान लखनऊ ने एक खिड़की योजना के अंतर्गत शिकायतो के निवारण हेतु राज्य स्तरीय समन्वय समिति की बैठक का आयोजन लखनऊ मे किया ।


श्री एस. एल. कुरील, क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान, लखनऊ ने अपनी अध्यक्षता मे 19-8-2011 को क्षेत्रीय निदेशक का कार्यालय लखनऊ केन्द्र मे जमाकर्ताओं के शिकायतो एवं समस्याओं के निवारण हेतु उत्तर प्रदेश राज्य के राज्य स्तरीय समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया । बैठक मे डाक विभाग, अल्प बचत विभाग, बैंक संगठन एवं अल्प बचत अभिकर्ता संघ के प्रतिनिधियों ने भाग लिया । श्री एस. एल. कुरील, क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान, लखनऊ केन्द्र ने समन्वय समिति के अंतर्गत राष्ट्रीय बचत उत्पादों के विभिन्न वितरण माध्यमों के संबंधो मे राज्य स्तरीय समन्वय समिति के अंतर्गत एक खिड़की योजना के द्वारा जमाकर्ताओं कि शिकायतों के निवारण हेतु एक खिड़की योजना के महत्व का उल्लेख किया । इस बैठक मे विभिन्न मुद्दो पर भी चर्चा की गई जैसे डाक विभाग द्वारा स्त्रोत पर कर कटौति न करना, पी. पी. एफ. खाता से संबंधित स्पष्टीकरण, एस.एल.ए.ए.एस-5 कार्डो का वितरण और राष्ट्रीय बचत संस्थान के अधिकारियों द्वारा पी.पी.एफ. एवं एस.सी.एस.एस. के बारे से बैंक के स्टाफ को प्रशिक्षण दिलाना ।

बैठक मे शामिल अन्य सदस्य जैसे डॉ. देशबंधु राजेश तिवारी, वरिष्ठ प्रबंधक सिंडीकेट बैंक, श्री पी. आर. मौर्य, इलाहाबाद बैंक, लखनऊ, श्री अमित उपाध्याय, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया लखनऊ, श्री राहुल वरुण, इंडियन ओवरसीज बैंक लखनऊ, श्री. एस. के. जैन दिगम्बर, अध्यक्ष, अभिकर्ता संघ, श्री दिनेश कुमार, प्रबंधक पंजाब नॅशनल बैंक लखनऊ, श्री बी. एस. अरोरा, बैंक ऑफ बरोदा लखनऊ, श्री अजय श्रीवास्तव, सहायक निदेशक लखनऊ, श्री ओ. पी. कश्यप, प्रतिनिधी डाक विभाग लखनऊ, श्री मुकेश पंत, संयुक्त निदेशक राष्ट्रीय बचत निदेशालय लखनऊ, श्री एस. के. मदन बैंक ऑफ इंडिया लखनऊ, श्रीमती इन्द्रायणी बॅनर्जी विजया बैंक लखनऊ, श्री कल्याण सिंह, सहायक निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान लखनऊ इत्यादि ।


राष्ट्रीय बचत संस्थान
NATIONAL SAVINGS INSTITUTE

http://nsiindia.gov.in.

राष्ट्रीय बचत संस्थान, सी.जी.ओ. कॉम्पलेक्स, सेमिनरी हिल्स, नागपुर National Savings Institute, CGO Complex, Seminary Hills, Nagpur



ग्रामीण बचत अभियान के अंतर्गत डाक विभाग के समन्वयसे राष्ट्रीय बचत संस्थान बंगलोर केंद्र द्वारा आयोजीत हलेबेलगोल ग्राम जिला हसन (कर्नाटक राज्य) मे स्वंयम सहायता समूह के सदस्योको संबोधित करते हुये श्री प्रमोद दंडे सहायक निदेशक राष्ट्रीय बचत संस्थान, बंगलोर केंद्र ।

## राष्ट्रीय बचत संस्थान द्वारा पूरे देश मे ग्रामीण बचत अभियान का आयोजन किया गया

राष्ट्रीय बचत संस्थान के क्षेत्रीय निदेशकों ने पूरे देश मे वर्ष 2011 के दौरान ग्रामीण बचत अभियान चलाया इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों मे अधिक से अधिक बचत एकत्रीकरण करना और राष्ट्रीय बचत उत्पादों के बारे में ग्रामीण जनता मे जागरुकता पैदा करना और वित्तीय साक्षरता बढ़ाना है जिससे राष्ट्रीय बचत संस्थान ग्रामीण क्षेत्रों मे निवेशको की संख्या मे वृद्धि और ग्रामीण क्षेत्रो में अधिक धन एकत्रित किया जा सके ।

इस ग्रामीण बचत अभियान के दौरान क्षेत्रीय निदेशको ने स्थानीय प्रभावशाली लोगों और स्वयं सहायता समूह के मदद से ग्रामीण सभाए आयोजित की और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बचत की आवश्यकता एवं उसके महत्व को समझाया । उन्होने ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगार लोगो से अल्प बचत एजेंसी लेने का अनुरोध किया जिससे कि उन्हे कमीशन के रुप मे वित्तीय सहायता अर्जित करने का अवसर प्राप्त हो सके । क्षेत्रीय निदेशक ने स्थानीय अधिकारियों एवं जिला अधिकारी के साथ बैठक मे बताया कि राष्ट्रीय बचत संस्थान ने ग्रामीण क्षेत्रो के लिए चालु वित्तिय वर्ष के लिए खाता खोलने का उत्कृष्ट लक्ष्य निर्धारित किया है । राष्ट्रीय बचत संस्थान ने राष्ट्रीय बचत उत्पादो की जानकारी देने के लिए अल्प बचत अभिकर्ता तथा डाक कर्मियो के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा बैठक का भी आयोजन किया जिससे कि उनको अधिक से अधिक बचत संग्रहण करने मे सहायता मिले । अभी हाल मे राष्ट्रीय बचत संस्थान असम केन्द्र ने उदलगिरि मे ग्रामीण बचत अभियान का आयोजन किया । कार्यक्रम का उद्घाटन श्री. टी. मालाकर उप आयुक्त उद्लगिरि ने किया । कार्यक्रम मे बड़ी संख्या मे ग्रामीणों विशेष कर महिलाओ ने भाग लिया ।



उप निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान चंडीगढ़ केन्द्र द्वारा आयोजित सोलन (हिमाचल प्रदेश) मे अभिकर्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम का दृश्य ।




श्री जमील असगर, क्षेत्रीय निदेशक (वरिष्ठ) वेतन बचत दिवस-2011 के आयोजन के अवसर पर संबोधित करते हुए साथ ही (बाये से दाये) श्री डब्ल्यू. सी. झा, कोल इंडिया लिमिटेड, श्रीमती सावित्री मित्रा, माननीय मंत्री, महिला बाल विकास एवं वेलफेयर विभाग पश्चिम बंगाल सरकार भी दिखाई दे रहे है ।

## राष्ट्रीय बचत संस्थान ने एजेंसी के विस्तार हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया

**राज्य सरकार एवं बचत संस्थान के अधिकारियों डाक कर्मियो एवं बैंक कर्मचारियों जो कि भारत सरकार, वित्त मंत्रालय के राष्ट्रीय बचत उत्पादो की बिक्री मे बढ़ौती के लिए काम करते है । उन्हे प्रशिक्षण देना एन.एस.आई. के प्रमुख कार्यो मे से एक है । अल्प बचत अभिकर्ता, सरकारी बचत उत्पादो एवं निवेशकर्ताओं के बीच मुख्य कड़ी का काम करते है । इसलिए राष्ट्रीय बचत संस्थान की यह जिम्मेदारी है कि उनके ज्ञान एवं कुशलता मे वृद्धी करे । जिससे कि वे ज्यादा संकलन कर सके ।**

**इसी उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय बचत संस्थान के क्षेत्रीय निदेशको ने वर्ष 2011 मे विस्तारित एजेन्सीयों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया । राष्ट्रीय बचत संस्थान के अधिकारियों एवं प्रबन्ध स्कुलो तथा प्रसिद्ध संस्थानो के अतिथियों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया । क्षेत्रिय निदेशकों द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षणार्थी के विचार जानने चाहे तो प्रशिक्षणार्थीयोंने विचार व्यक्त किये कि इस प्रकार के प्रशिक्षण सिर्फ क्षेत्रीय निदेशक के मुख्यालय पर ही नही आयोजित किये जाने चाहिए बल्कि दूर दराज मे रहने वाले अभिकर्ताओं के लिय भी आयोजित होने चाहिए । हालही में क्षेत्रीय केन्द्र दिल्ली, चंडीगढ़, लखनऊ, बैंगलोर, नागपुर तथा कोलकाता ने अपने अपने क्षेत्र के अभिकर्ताओं, बैंक एवं डाककर्मियो के लिये प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये ।**



श्री राजीव सागर, क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान चंडीगढ़, श्री. बी. के. पासवान, चीफ् वर्क्स मॅनेज़र, रेल्वे वर्कशॉप जगधारी को हरीयाणा राज्य का सर्वोत्तम वेतन पत्रक बचत समुह होने के उपलक्ष्य मे राज्य वेतन बचत पत्रक समुह का पुरस्कार देते हुए ।

# जुलै 2011 के लिए अल्प बचत संग्रहण

(करोड़ रुपये)

| क्र. सं. | क्षेत्र/राज्य | जुलै 2010 तक | | जुलै 2011 तक | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | सकल | शुद्ध | सकल | शुद्ध |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 7450.32 | 926.25 | 4761.27 | -369.76 |
| 2 | अरूणाचल प्रदेश | 57.60 | 20.30 | 36.85 | 7.55 |
| 3 | असम | 1102.78 | 300.84 | 995.06 | 151.78 |
| 4 | अंदमान निकोबार द्वीप | 14.55 | 4.49 | 15.71 | 6.43 |
| 5 | आर्मी पोस्ट ऑफीसेस | 154.04 | 27.54 | 125.33 | 18.78 |
| 6 | बिहार | 3418.83 | 728.09 | 3083.62 | 359.91 |
| 7 | झारखंड | 1748.38 | 491.45 | 1300.94 | 8.88 |
| 8 | चंडीगढ | 314.52 | 25.86 | 253.99 | 77.93 |
| 9 | दमण एवं दीव | 355.22 | 113.49 | 30.48 | 2.37 |
| 10 | दिल्ली | 3481.20 | 522.85 | 2194.44 | -484.43 |
| 11 | गोवा | 273.64 | 66.08 | 180.82 | -0.30 |
| 12 | गुजरात | 6860.88 | 1142.94 | 5226.43 | -981.38 |
| 13 | हरियाणा | 2320.67 | 466.31 | 1910.19 | -77.52 |
| 14 | हिमाचल प्रदेश | 1297.34 | 298.76 | 1137.68 | 90.26 |
| 15 | जम्मू व कश्मीर | 624.51 | 135.20 | 551.55 | 21.27 |
| 16 | कर्नाटक | 3490.74 | 619.99 | 2452.31 | -587.55 |
| 17 | केरल | 2423.11 | 175.92 | 2094.22 | -158.83 |
| 18 | लक्षद्वीप | 0.87 | 0.10 | 0.65 | 0.17 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 2682.86 | 490.91 | 2240.66 | 36.09 |
| 20 | छत्तीसगढ़ | 1159.39 | 203.49 | 1067.81 | 51.14 |
| 21 | महाराष्ट्र | 8196.04 | 1909.85 | 5917.32 | -343.23 |
| 22 | मणिपुर | 39.98 | -2.14 | 40.48 | 0.16 |
| 23 | मेघालय | 105.60 | 30.02 | 92.42 | 13.71 |
| 24 | मिझोरम | 48.90 | 9.97 | 58.36 | -2.18 |
| 25 | नागालैंड | 23.52 | 7.83 | 16.06 | -0.12 |
| 26 | उड़ीसा | 1622.86 | 447.93 | 1291.05 | 78.00 |
| 27 | पुदुचेरी | 77.67 | 25.87 | 35.18 | -16.24 |
| 28 | पंजाब | 3613.67 | 298.57 | 2948.18 | -622.24 |
| 29 | राजस्थान | 4304.52 | 243.11 | 3008.71 | -616.75 |
| 30 | सिक्कीम | 52.79 | 16.05 | 39.01 | 1.99 |
| 31 | तमिलनाडू | 4675.96 | 310.71 | 3416.20 | -636.73 |
| 32 | त्रिपूरा | 316.37 | 87.03 | 198.01 | -4.56 |
| 33 | उत्तर प्रदेश | 7982.94 | 1550.43 | 6353.11 | 273.25 |
| 34 | उत्तरांचल | 1251.16 | 327.51 | 1127.52 | 113.85 |
| 35 | पश्चिम बंगाल | 11576.40 | 3765.29 | 8001.40 | 225.84 |
| | कुल | 83119.83 | 15788.91 | 62203.22 | -3362.48 |

टिप्पणी.—डाक विभाग, नई दिल्ली से प्राप्त आंकडे समायोजन के अधीन है । इन आंकडों में पी.पी.एफ. एवं एस. सी. एस. एस. (बैंक) संग्रह शामिल नहीं हैं।

शिवराज (डी.जी.पी.एस.) नागपुर.